भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2979
05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

कॉर्पोरेट कंपनियों में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत महिलाएं

2979. डॉ. थोल तिरूमावलवनः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विगत तीन वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट कंपनियों में पुरुषों की तुलना में वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर कार्यरत महिलाओं की संख्या संबंधी कोई आंकड़ा विद्यमान है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार के पास विगत तीन वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट कंपनियों में पुरुषों की तुलना में निदेशक पद पर कार्यरत महिलाओं की संख्या संबंधी आंकड़ा विद्यमान है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के माध्यम से सरकार द्वारा कॉर्पोरेट कंपनियों में पुरूषों की तुलना में वरिष्ठ प्रबन्धन पदों तथा निदेशक पदों पर कार्यरत महिलाओं से संबंधित आँकड़ों का अनुरक्षण किया जाता है। इसका विवरण क्रमशः तालिका 1 और तालिका 2 में दिया गया है।

तालिका-1 : वरिष्ठ प्रबंधकीय पदों पर कार्यरत व्यक्ति
30 जून, 2026 की स्थिति के अनुसार

वरिष्ठ प्रबंधन पद		
वित्त वर्ष	पुरुष	महिला
2022-23	186946	34879
2023-24	192205	38273
2024-25	194729	39071
2025-26	208772	43331

स्रोत : कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए)
टिप्पणी : वरिष्ठ प्रबंधन पदों में सीईओ , सीएफओ, कंपनी सचिव, प्रबंध निदेशक, प्रबंधक तथा पूर्णकालिक निदेशक के पद सम्मिलित हैं।

तालिका-2 : कंपनियों में प्रबंधकीय पदों पर कार्यरत व्यक्ति 30 जून, 2026 की स्थिति के अनुसार		
निदेशक का पद धारण करने वाले व्यक्ति		
निदेशक मंडल		
वित्त वर्ष	पुरुष	महिला
2022-23	1975487	762712
2023-24	2225281	894201
2024-25	2284393	924719
2025-26	2509619	1036694
स्रोत : कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) *टिप्पणी : निदेशक की स्थिति - सभी निदेशक स्थितियाँ शामिल हैं (स्वीकृत, निष्क्रिय, त्यागपत्र दिया हुआ, आदि)।*		

*****